दिवंगत पूर्व मा0 सदस्य श्री रणजीत सिंह वर्मा का जीवन वृतान्त

जन्म तिथि	:	5 अक्टूबर, 1934
जन्म स्थान	:	जौलीग्रांट, देहरादून
पत्नी	:	श्रीमती निर्मला सिंह
शिक्षा	:	स्नातक
विधायी यात्रा	•	वर्ष 1977 से 1980 तक में मसूरी विधान सभा क्षेत्र से उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए।
	•	वर्ष 1988 से 1991 में पुनः मसूरी विधान सभा क्षेत्र से ही उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए
सार्वजनिक कृतित्व	:	श्री रणजीत सिंह वर्मा सदैव समाज कल्याण एवं लोकहित के प्रति समर्पित रहे। उन्होंने सामाजिक उत्थान के अनेक कार्यक्रम भी चलाए।
देहावसान	:	दिनांक 27 जुलाई, 2019 को हिमालयन हॉस्पिटल जौलीग्रान्ट में अंतिम सांस ली।
परिवार	:	दो पुत्र एवं तीन पुत्रियां।

श्री रणजीत सिंह वर्मा का जन्म 05 अक्टूबर, 1934 में हुआ था। श्री रणजीत सिंह का विवाह श्रीमती निर्मला सिंह से हुआ था। आपने स्नातक तक शिक्षा प्राप्त की।

श्री रणजीत सिंह वर्मा वर्ष 1977–1980 में मसूरी विधान सभा क्षेत्र से प्रथम बार उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए तथा आपने पुनः वर्ष 1988 से 1991 में उत्तर प्रदेश विधान सभा में विधायक के रूप में मसूरी विधान सभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया।

श्री वर्मा ने अपने विधान सभा क्षेत्र की जनता के विकास के लिए अनेक कार्य किये तथा जनता के कल्याण एवं विकास के लिए सदैव प्रयासरत रहे।

श्री रणजीत सिंह वर्मा का निधन दिनांक 27 जुलाई, 2019 को हिमालयन हॉस्पिटल जौलीग्रांट में हुआ। उनके निधन से समाज व प्रदेश की अपूरणीय क्षति हुई है। उनके परिवार में दो पुत्र एवं तीन पुत्रियां हैं।

मैं उनके परिजनों को सदन की ओर से शोक संवेदना प्रेषित करता हूॅ तथा ईश्वर से प्रार्थना करता हूॅ कि वह शोक संतप्त परिवार को इस दुःख से उबरने हेतु बल प्रदान करें।

मैं इस सम्मानित सदन की भावनाएं एवं शोक संवेदनाएं श्री रणजीत सिंह वर्मा के परिजनों तक पहुँचा दूँगा।

(दो मिनट का मौन)